आकाशवाणी मध्यप्रदेश

प्रादेशिक समाचार

दिनांक : 06.05.2026 समय : 02.10PM

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की कैबिनेट समिति ने रेल मंत्रालय की तीन बड़ी मल्टी-ट्रैकिंग परियोजनाओं को मंजूरी दे दी है। इन पर करीब 23 हजार 437 करोड़ रुपये खर्च होंगे। नागदा-मथुरा, गुंटकल-वाडी और बुरहवाल-सीतापुर रूट पर थर्ड और फोर्थ लाइन बिछाई जाएगी, जिससे रेलवे नेटवर्क में करीब 901 किलोमीटर का इजाफा होगा। ये परियोजनाएं मध्यप्रदेश, राजस्थान, उत्तरप्रदेश, कर्नाटक, आंध्रप्रदेश और तेलंगाना के 19 जिलों को कवर करेंगी और 83 लाख की आबादी वाले 4 हजार से ज्यादा गांवों को बेहतर कनेक्टिविटी मिलेगी।

पीएम मोदी- वियतनाम राष्ट्रपति

वियतनाम के राष्ट्रपति तो लाम आज अपने पहले भारतीय राजकीय दौरे पर दिल्ली पहुंचे, जहां राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उनका औपचारिक स्वागत किया। इसके बाद हैदराबाद हाउस में प्रधानमंत्री मोदी के साथ उनकी द्विपक्षीय वार्ता हुई, जिसमें दोनों देशों के संबंध और क्षेत्रीय-वैश्विक मुद्दों पर चर्चा हुई। बैठक से पहले राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने भी राष्ट्रपति तो लाम से मुलाकात कर दोनों देशों की रणनीतिक साझेदारी पर बातचीत की। राष्ट्रपति तो लाम कल भारत आए थे और सबसे पहले बोधगया गए थे, जहां उन्होंने महाबोधि मंदिर में पूजा-अर्चना की थी।

बुरहानपुर -मोहन यादव

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज बुरहानपुर के श्री परमानंद गोविंदजीवाला सभागृह में आयोजित 'उद्यमी संवाद' कार्यक्रम में उद्योगपतियों से सीधा संवाद किया। उन्होंने कहा कि सरकार ने पिछले साल को "उद्योग एवं रोजगार वर्ष" के रूप में मनाया और इस साल 2026 को "किसान कल्याण वर्ष" के रूप में मनाया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने यह भी बताया कि व्यापारियों के हित में सरकार "राज्य व्यापारी कल्याण बोर्□" बनाने का फैसला कर चुकी है।

सप्लीमेंट्री परीक्षा कल से शुरू

प्रदेश में माध्यमिक शिक्षा मं□ल की 10वीं और 12वीं की द्वितीय परीक्षा कल से शुरू हो रही है। यह परीक्षा उन छात्रों के लिए है जो मुख्य परीक्षा में फेल हुए हैं या अपने नंबर बेहतर करना चाहते हैं। छात्र अपना ए□मिट का□ MPONLINE के पोर्टल से □ाउनलो□ कर सकते हैं ।

मौसम

प्रदेश में दो मौसमी सिस्टम एक साथ एक्टिव होने से आज 28 जिलों में तेज आंधी और बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। ग्वालियर, जबलपुर, रीवा, शह□ोल, सागर समेत कई संभागों के जिलों में आंधी की रफ्तार 40 से 50 किलोमीटर प्रतिघंटे तक रह सकती है। भोपाल के मौसम विभाग के मुताबिक शाम को मौसम का मिजाज बदलेगा, हालांकि भोपाल, इंदौर, उज्जैन समेत करीब 27 जिलों में दिन में गर्मी का असर बना रहेगा।

आईपीएल

बीसीसीआई ने आईपीएल 2026 के प्लेऑफ का शेड्यूल और वेन्यू घोषित कर दिया है। 26 मई को धर्मशाला में क्वालीफायर 1, 27 और 29 मई को न्यू चं□ीगढ़ में एलिमिनेटर और क्वालीफायर 2 खेला जाएगा, जबकि 31 मई को दुनिया के सबसे बड़े क्रिकेट स्टे□ियम अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टे□ियम में फाइनल होगा। वहीं लीग स्टेज का आखिरी मैच 24 मई को खेला जाएगा, जिसके बाद प्लेऑफ में जाने वाली चारों टीमें तय हो जाएंगी।

संक्षिप्त समाचार

- मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा प्रदेश में 9 मई को 'नेशनल लोक अदालत' का आयोजन किया जा रहा है।

- आगरमालवा स्थित शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय में कल आयोजित एक दिवसीय सेमिनार में विद्यार्थियों को मानसिक स्वास्थ्य के महत्व से अवगत कराया गया।
- विदिशा कलेक्टर ने शासकीय स्कूलों में बच्चों की प्रवेश संख्या बढ़ाने पर जोर दिया है।
- मं□ला जिले के दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए आयोजित विशेष शैक्षणिक भ्रमण कार्यक्रम में उत्तर माध्यमिक विद्यालयों के लगभग 70 दिव्यांग विद्यार्थियों ने सहभागिता की।
- शिवपुरी जिले में कलेक्टर अर्पित वर्मा ने आज बैरा□ के समीप स्थित गेहूं उपार्जन केंद्र पचीपुरा का आकस्मिक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।
- झाबुआ कलेक्टर ने कल पशुपालन विभाग की समीक्षा बैठक ली। बैठक में क्षीर धारा और नस्ल सुधार अभियान की प्रगति, पशु टीकाकरण और पशुपालकों को मिल रही सेवाओं की समीक्षा की गई।
- जबलपुर में कल आंशिक रूप से हुई बारिश और ओलावष्टि से हवा में नमी घुल गई है। नम हवा से गर्मी का असर कम रहा।